<u>राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग</u>

NCBC/08/01/242-A/2020-KSP

<u>आईटीआई लिमिटेड के साथ दिनांक 07.01.2021 की सुनवाई का कार्यवृत्त</u>

बैठक में उपस्थित सदस्य व अधिकारीगण:-

1. श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग
2. श्री राकेश मोहन अग्रवाल, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, आईटीआई लिमिटेड
3. श्री शशि प्रकाश गुप्ता, निदेशक (मानव संसाधन), आईटीआई लिमिटेड
4. श्री संतोष कुमार, चीफ लाईसन ऑफिसर (ओबीसी), आईटीआई लिमिटेड

**<u>श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोगः-</u>** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की तरफ से आईटीआई लिमिटेड को एक प्रश्नावली भेजी गयी थी उसमें प्रश्न सं 8 में लेवल वाईज स्ट्रेंथ पूछी गयी थी, लेवल वाईज स्ट्रेंथ ना बताने का क्या कारण है?

**<u>निदेशक (मानव संसाधन), आईटीआई लिमिटेडः-</u>** सर, जैसे ग्रुप 'ए' में 21 लोग रिक्रूटमेंट हुए थे उसमें कोई ओबीसी कैटेगरी के नहीं है। ग्रुप 'बी' में 01.01.2020 से 31.12.2020 तक 112 रिक्रूटमेंट हुए थे उसमें 9 ओबीसी यूआर वाले है, ओबीसी कैटेगरी में 29 का रिक्रूटमेंट किया हैं। 2019 में टोटल रिक्रूटमेंट 24 में से 6 लोग ओबीसी कैटेगरी के है। 2018 में टोटल 22 रिक्रूटमेंट किये थे तथा 2017 में टोटल 36 रिक्रूटमेंट में से 3 यूआर ओबीसी है और 9 ओबीसी कैटेगरी के है। ग्रुप 'सी' के अंदर 2020 में रिक्रूटमेंट हुए थे उसमें एक ओबीसी कैटेगरी से है। 2019 में 18 रिक्रूटमेंट किये थे उसमें 2 ओबीसी कैटेगरी के थे। इसका टोटल कर के 10 दिनों के अंदर डाटा आयोग को भिजवा देंगे।

**<u>श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोगः-</u>** प्रश्न संख्या 10(a) में आयोग द्वारा अनुमोदित सर्टिफाईड रोस्टर की प्रतिलिपि देने के लिए कहा था, रोस्टर ना देने का कारण स्पष्ट करें।

**<u>निदेशक (मानव संसाधन), आईटीआई लिमिटेडः-</u>** सर, इसको अभी भिजवा देते है।

**<u>अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, आईटीआई लिमिटेडः-</u>** सर, इसमें जो कमियां रहीं है इसके लिये हम क्षमा प्रार्थी हैं क्योंकि हमारे ऑफिसर्स ने हमको दिखाया नहीं होगा। आपने इसमें प्रश्न सं. 8 और प्रश्न सं. 10 बताया है। आप 1 सप्ताह का समय दीजिये सारी जानकारी आयोग को भेज दी जायेंगी।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोगः-** 08.09.1993, 02.07.1997 और 31.12.1997 कट-ऑफ डेट का रोस्टर रजिस्टर तथा 2019-20 का अनुमोदित रोस्टर आयोग को प्रस्तुत करें।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोगः-** आयोग जानना चाहता है कि क्या संचार मंत्रालय के लाईसन ऑफिसर द्वारा प्रत्येक वर्ष आईटीआई लिमिटेड के रोस्टर रजिस्टर का निरीक्षण किया जाता है?

**निदेशक (मानव संसाधन), आईटीआई लिमिटेडः-** सर, हमारे यहां के लाईसन ऑफिसर करते है लेकिन मंत्रालय से नहीं हुआ है, मंत्रालय के किसी भी ऑफिसर ने निरीक्षण नहीं किया है। यह भी कंफर्म कर के बता देंगे।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोगः-** मैं डायरेक्टर आईटीआई लिमिटेड से बात कर रहा हूँ जो आईटीआई लिमिटेड में एचआर विभाग के हैड है, उनको पता होना चाहिये कि मंत्रालय के लाईसन ऑफिसर रोस्टर का निरीक्षण करने आते है या नही आते है।

**निदेशक (मानव संसाधन), आईटीआई लिमिटेडः-** सर, मैने अक्टूबर 2018 में ज्वाइन किया था तब से मेरी मुलाकात मंत्रालय के किसी लाईसन ऑफिसर से नहीं हुई है।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोगः-** वर्ष 2018, 2019 और 2020 में निरीक्षण के लिये आईटीआई लिमिटेड में मंत्रालय का कोई लाईसन ऑफिसर नहीं आया और यह भी बताये कि मंत्रालय के लाईसन ऑफिसर के द्वारा अंतिम बार आईटीआई लिमिटेड के रोस्टर का निरीक्षण कब किया गया था?

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोगः-** आईटीआई लिमिटेड द्वारा वर्ष 1993 से 2020 तक संचार मंत्रालय को भेजी गयी आरक्षण संबंधी एनुअल रिटर्न की सत्यापित प्रतिलिपि आयोग को उपलब्ध करायी जाये।

**निदेशक (मानव संसाधन), आईटीआई लिमिटेडः-** ठीक है सर।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोगः-** प्रश्न सं 10(सी) में पूछा गया था Are the rosters being periodically inspected by Liaison Officer? If so,

action taken on the inspection reports of the Liaison Officer for the last three years. The dates of inspection of rosters may be furnished in table below, while comments & action taken reports may be furnished as Annexure and duly linked. तो क्या इसमें लाईसन ऑफिसर की तरफ से रोस्टर में कोई कंमेंट नहीं किये गये थे? लाईसन ऑफिसर के द्वारा आयोग को शपथ-पत्र पर लिख कर दिया जाये कि रिजर्वेशन रोस्टर में सब ठीक है और कोई कमी नहीं है।

**निदेशक (मानव संसाधन), आईटीआई लिमिटेड:-** जी सर।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग:-** प्रश्न सं. 11 के संदर्भ में बताया जाये कि ओबीसी का लेवल-वाईज आज की दिनांक में कुल कितना शॉर्टफॉल व बैकलॉग है।

**निदेशक (मानव संसाधन), आईटीआई लिमिटेड:-** सर, मैं डाटा भिजवादूंगा, वैसे EWS में 10 का बैकलॉग है, एससी में 3 ज्यादा है, एसटी में 2 ज्यादा है, और ओबीसी में कोई बैकलॉग नहीं है।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग:-** Please provide this information on Affidavit.

**निदेशक (मानव संसाधन), आईटीआई लिमिटेड:-** ठीक है सर।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग:-** प्रश्न सं. 12 में ओबीसी के प्रमोशन की जानकारी मांगी गयी थी, जबकि उसके उत्तर में लिखा गया है कि No reservation on Promotion for OBC Candidates. आयोग को बताने का कष्ट करें कि जो आपने आईटीआई का मैनेजमेंट चार्ट जो भेजा है इस चार्ट में 5 डायरेक्टर दिखाये गये हैं, इन 5 डायरेक्टर में से कितने ओबीसी कैटेगरी के हैं?

**निदेशक (मानव संसाधन), आईटीआई लिमिटेड:-** सर, कोई भी ओबीसी कैटेगरी के डायरेक्टर नहीं हैं।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोगः-** आईटीआई लिमिटेड में कुल जीएम, एजीएम, डीजीएम और सीएम कितने हैं तथा इन सब में ओबीसी कितने हैं? इसका डाटा भिजवाइये।

**निदेशक (मानव संसाधन), आईटीआई लिमिटेडः-** सर, 16 जीएम हैं, 51 एजीएम हैं, 84 डीजीएम हैं और 93 सीएम है और इनमें कितने ओबीसी हैं इसकी जानकारी आपको भिजवा देंगे।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोगः-** प्रश्न सं. 13 के उत्तर में बताया गया है कि ओबीसी उम्मीदवारों को प्री-प्रमोशनल व प्री-रिक्रूटमेंट ट्रेनिंग नही दी जाती है, ओबीसी उम्मीदवारों को प्री-प्रमोशनल व प्री-रिक्रूटमेंट ट्रेनिंग न देने का कारण शपथ-पत्र पर बताया जाए।

**निदेशक (मानव संसाधन), आईटीआई लिमिटेडः-** हम लोग Tenure basis पर रिक्रूटमेंट कर रहे है। हमने किसी को भी प्री-प्रमोशनल व प्री-रिक्रूटमेंट ट्रेनिंग का प्रोविजन नहीं किया है, बाकि दूसरी ट्रेनिंग सब दी जाती है।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोगः-** Please provide this information on Affidavit..

**निदेशक (मानव संसाधन), आईटीआई लिमिटेडः-** ठीक है सर।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोगः-** प्रश्न संख्या 16 के संदर्भ में कांट्रेक्ट बेसिस पर नियुक्त कर्मचारियों/अधिकारियों की लेवल-वाईज व कैटेगरी-वाइज जानकारी आयोग को उपलब्ध कराई जाये।

**निदेशक (मानव संसाधन), आईटीआई लिमिटेडः-** ठीक है सर।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोगः-** प्रश्न संख्या 18(b) में बताया गया है कि पिछले 5 वर्षों में ओबीसी के कर्मचारियों/अधिकारियों से कोई शिकायत प्राप्त नही हुई है इस उत्तर को आयोग को शपथ-पत्र पर दिया जाए।

**निदेशक (मानव संसाधन), आईटीआई लिमिटेड:-** ठीक है सर।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोगः-** प्रश्न संख्या 18(c) के उत्तर में ओबीसी के चीफ लाईसन ऑफिसर की कैटेगरी बताने व कैटेगरी सर्टिफिकेट लगाने के लिए कहा गया था, चीफ लाईसन ऑफिसर की कैटेगरी न बताने व कैटेगरी सर्टिफिकेट न लगाने का कारण स्पष्ट करें तथा क्या रीजनल ऑफिसों में ओबीसी के लाईसन ऑफिसर नियुक्त किए गए है इसकी जानकारी आयोग को शपथ-पत्र पर दी जाए।

**निदेशक (मानव संसाधन), आईटीआई लिमिटेडः-** ठीक है सर, श्री संतोष कुमार हमारे यहां चीफ लाईसन ऑफिसर है।

**चीफ लाईसन ऑफिसर ओबीसी, आईटीआई लिमिटेडः-** Sir, I am also OBC candidate and SC/ST/OBC Chief Liaison Officer, I am responsible for all the units.

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोगः-** Please send your OBC certificate.

**चीफ लाईसन ऑफिसर ओबीसी, आईटीआई लिमिटेडः-** Ok Sir.

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोगः-** क्या क्षेत्रीय कार्यालयों में ओबीसी के लाईसन ऑफिसर बनाये गये है?

**निदेशक (मानव संसाधन), आईटीआई लिमिटेडः-** सर, बनाये गये है।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोगः-** क्षेत्रीय कार्यालयों में नियुक्त ओबीसी के लाईसन ऑफिसर के नाम, पदनाम, कैटेगरी व ओबीसी सर्टिफिकेट आयोग को उपलब्ध करायें जायें।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोगः-** क्या ओबीसी का अलग से सेल बनाया गया है?

**निदेशक (मानव संसाधन), आईटीआई लिमिटेडः-** नहीं सर, अलग से सेल नहीं बनाया गया है, क्योंकि हमारी बहुत ज्यादा मेन पावर नहीं है, हम लोगों ने एचआर में एक ऑफिसर अलग से रखा हुआ है। सब जगह हमारा छोटा डिपार्टमेंट है।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोगः-** आईटीआई लिमिटेड में टोटल कितना स्टॉफ स्ट्रेंथ है?

**निदेशक (मानव संसाधन), आईटीआई लिमिटेडः-** सर, 1 जनवरी को अभी टोटल 2938 स्ट्रेंथ है।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोगः-** इसकी जानकारी आयोग को उपलब्ध करायी जाये।

**निदेशक (मानव संसाधन), आईटीआई लिमिटेडः-** जी सर।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोगः-** प्रश्न संख्या 19 में सभी रिक्रूटमेंट बोर्ड/सिलेक्शन कमेटी/डीपीसी में सम्मिलित ओबीसी के सदस्यों की जानकारी मांगी गयी थी।

**निदेशक (मानव संसाधन), आईटीआई लिमिटेडः-** सर, हम इसकी जानकारी भिजवा देंगे।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोगः-** सभी रिक्रूटमेंट बोर्ड/सिलेक्शन कमेटी तथा डीपीसी में सम्मिलित ओबीसी के सदस्यों की जानकारी मांगी गयी थी, इस प्रश्न का उत्तर आयोग को शपथ-पत्र पर दिया जाए तथा पिछले 3 वर्षो में प्रत्येक लेवल के रिक्रूटमेंट कमेटी व प्रमोशन की डीपीसी में सम्मिलित ओबीसी के सदस्यों के नाम व कैटेगरी शपथ-पत्र पर बतायी जाए तथा सदस्यों के ओबीसी सर्टिफिकेट की कॉपी भी संलग्न की जाए।

**निदेशक (मानव संसाधन), आईटीआई लिमिटेडः-** ठीक है सर।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोगः-** प्रश्न संख्या 21(ए) के उत्तर में बताया गया है कि ओबीसी कैटेगरी के उम्मीदवारों का साक्षात्कार जनरल कैटेगरी के उम्मीदवारों से अलग दिनांक को नही किया जाता है क्या यह सही है?

**निदेशक (मानव संसाधन), आईटीआई लिमिटेडः-** हां सर, क्योंकि हमारे यहां रिक्रूटमेंट बहुत कम है, बहुत से कैंडिडेट आते नहीं है तो सबका एक साथ एक दिन में ही हो जाता है इस लिये हम अलग से नहीं करते है।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोगः-** प्रश्न संख्या 27 में बताया गया है कि ओबीसी के चैप्टर को वार्षिक रिपोर्ट में सम्मिलित नही किया जाता है। ओबीसी के चैप्टर को वार्षिक रिपोर्ट में सम्मिलित ना करने का कारण शपथ-पत्र पर लिख कर आयोग को बताया जाये।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोगः-** आईटीआई लिमिटेड की कुल कितनी सब्सिडियरी कम्पनियाँ है?

**निदेशक (मानव संसाधन), आईटीआई लिमिटेडः-** हमारी कोई सब्सिडियरी कम्पनी नहीं है। हमारी सिर्फ 6 यूनिट हैं, हमारा बैंगलोर में ज्वाइंट वेंचर अलग से है उसमें हमारा माइनर शेयर है, मेजर नहीं है।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोगः-** **Whether CMD, ITI LTD. Affirms that he has complied all the rules and regulations, code and conduct and Ethics, rules of reservation and he has not violated any provision made for drafting and finalization of Annual Report of ITI LTD. and its subsidiaries? Please reply this on Affidavit.**

**अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, आईटीआई लिमिटेडः-** ठीक है सर।

**श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोगः-** **Please give the reply of following questions on Affidavit:- Whether separate registers/ roster registers shall be maintained for appointments made by direct recruitment and promotion?**

निदेशक (मानव संसाधन), आईटीआई लिमिटेडः- ठीक है सर।

श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोगः- **Whether in case of promotion, separate registers / roster registers shall be maintained for each mode of promotion viz. limited competitive examination, selection, non-selection, etc.**

निदेशक (मानव संसाधन), आईटीआई लिमिटेडः- ठीक है सर।

श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोगः- **Whether a common register / roster register shall be maintained for permanent appointments and temporary appointments likely to become permanent or to continue indefinitely.**

निदेशक (मानव संसाधन), आईटीआई लिमिटेडः- ठीक है सर।

श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोगः- **Whether a separate register / roster register shall be maintained for purely temporary appointments of 45 days or more but which have no chance whatever of becoming permanent or continuing indefinitely.**

निदेशक (मानव संसाधन), आईटीआई लिमिटेडः- ठीक है सर।

श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोगः- **Whether immediately after an appointment is made, the particulars of the person appointed shall be entered in the register / roster register in the appropriate columns and the entry signed by the appointing authority or by an officer authorized to do so.**

निदेशक (मानव संसाधन), आईटीआई लिमिटेडः- ठीक है सर।

श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोगः- **Whether no gap shall be left in completing the register / roster register.**

निदेशक (मानव संसाधन), आईटीआई लिमिटेडः- ठीक है सर।

श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोगः- **Whether the register / roster register shall be maintained in the form of a running account year after year.**

श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोगः- **Whether in case of cadres where reservation is given by rotation, fresh cycle of roster shall be started after completion of all the points in the roster.**

**<u>निदेशक (मानव संसाधन), आईटीआई लिमिटेडः-</u>** ठीक है सर।

**<u>श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल, माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोगः-</u>** इसका जवाब एक सप्ताह के अंदर आयोग को उपलब्ध करायें। धन्यवाद।

**<u>अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, आईटीआई लिमिटेडः-</u>** धन्यवाद सर।

**सुनवाई सम्पन्न।**

(श्री शशि प्रकाश गुप्ता)
निदेशक (मानव संसाधन), आईटीआई लिमिटेड

शशि प्रकाश गुप्ता Shashi Prakash Gupta
निदेशक(मानव संसाधन) Director (Human Resources)
आईटीआई लिमिटेड ITI Limited
पंजीकृत एवं निगमित कार्यालय Regd. & Corporate Office
आईटीआई भवन,दूरवाणीनगर ITI Bhavan, Dooravaninagar
बेंगलूरु-560016,भारत Bengaluru - 560 016,INDIA

(श्री राकेश मोहन अग्रवाल)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, आईटीआई लिमिटेड

आर.एम. अग्रवाल / R.M. AGARWAL
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक/ Chairman & Managing Director
आईटीआई लिमिटेड / ITI Limited
पंजीकृत एवं निगमित कार्यालय/ Regd. & Corporate Office
आईटीआई भवन, दूरवाणीनगर/ ITI Bhavan, Dooravaninagar,
बेंगलूरु / BENGALURU - 560 016

(श्री कौशलेन्द्र सिंह पटेल)
माननीय सदस्य, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग